# Appendix-1
## English Actvities

### Activity: 'Touch and Say' game
शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को समझाएँ कि यह game खेलने वाला बच्चा जिस वस्तु को touch करे, उसका english word या उससे बनने वाले sentence को अन्य बच्चों या समूह को बताना होगा। सही उत्तर देने पर उस बच्चे या समूह को अगली वस्तु touch करनी होगी और फिर दूसरा बच्चा या समूह उसका उत्तर देगा। सबसे ज्यादा सही उत्तर देने वाला बच्चा या समूह विजेता होगा।

### Activity: 'What am I playing/doing' game
शिक्षक/शिक्षिका या कक्षा का कोई एक बच्चा या समूह किसी खेल (Indoor/outdoor games) को खेलने का अभिनय करेंगे या कोई कार्य करने का अभिनय जैसे-खाने-पीने, कूदने, सोने इत्यादि का अभिनय करेंगे तब अन्य कोई बच्चा या समूह उसे पहचानकर उस खेल या गतिविधि का नाम English में बताएगा। अथवा शिक्षक/शिक्षिका किसी बच्चे के कान में चुपके से किसी खेल का नाम बताएँ। वह बच्चा खेल का अभिनय करेगा। उसके उत्तर बताने वाला समूह हार जाएगा।

### Activity: "Sounds of Animals"
शिक्षक/शिक्षिका किसी भी animal की आवाज़ निकालकर बच्चों से उसे पहचानकर उस animal का English नाम बताने को कहें। यदि बच्चे न बता पाए तो शिक्षक उनकी सहायता करें या किसी अन्य बच्चे की मदद लेने को कहें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को किसी animal के नाम कहेंगे और दूसरे समूह के बच्चे उसकी आवाज़ को बताएँगे। गलत आवाज़ बतानेवाला या गलत animal का नाम लेनेवाला समूह हार जाएगा।

### Activity: 'Who am I?' game
शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को कुछ समूहों में बाँट दें और फिर किसी भी पशु या पक्षी की आवाज निकालें अथवा उनकी कोई विशेषता/उपयोग बताएँ। यदि बच्चे English के words न बता पाए तो शिक्षक उनकी मदद करें। जो समूह अधिक सही उत्तर दे वह जीतेगा। इसी प्रकार अन्य topics में भी इस खेल का उपयोग करें। शिक्षक/शिक्षिका इसमें सभी बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करें।

## Activity: 'I like it' game

शिक्षक/शिक्षिका उक्त दिवस में सिखाए जाने वाले theme के picture को बच्चों को या उनके समूहों को दिखाएँ और उसे पहचानकर उसका नाम बताने को कहें और यह भी बताने को कहें कि वह वस्तु/जीव उन्हें पसंद है तो वे "I like it" और नापसंद हो तो "I don't like it" कहना है। गलत उत्तर देने वाले को खेल से बाहर हो जाएगा।

## Activity: Colour, Colour which colour?

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को colour के नाम बताएँ जिनसे संबंधित वस्तुएँ उनके आसपास मौजूद हो। और फिर बच्चे उन वस्तुओं को छूने को कहें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को आसपास मौजूद रंगों को पहचानकर उसका नाम बताने को कहेंगे या रंगों के आधार पर वस्तुओं को बाँटने को कहें।

## Activity: Memory game

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विभिन्न utensils के नाम बताएँ और उनसे उनके उपयोग पूछें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को utensil के नाम कहेंगे और दूसरे समूह के बच्चे उसके चित्र को दिखाएँगे। गलत चित्र दिखानेवाला या गलत utensil का नाम लेनेवाला समूह हार जाएगा। इसी प्रकार अन्य topics में भी इस खेल का उपयोग करें।

## Activity: 'Let's sing' game

शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को उनके Favourite rhyme को गाकर सुनाने को कहें। अथवा बच्चों को समूह में बाँट दें और फिर एक समूह के बच्चे दूसरे समूह के बच्चों को पाठ्यपुस्तक की कोई एक Rhyme सुनाने को कहेंगे और दूसरे समूह के बच्चे उस Rhyme को गाएँगे। गलत Rhyme गानेवाला या गलत Rhyme का नाम लेनेवाला समूह हार जाएगा।

## Activity: Say Please/ Thank you game.

शिक्षक/शिक्षिका सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बैठाएँ। फिर उन्हें समझाएँ कि कोई एक बच्चा अपने आसपास के दोनों ओर के बच्चों को start please कहकर छूएगा और फिर वे बच्चे अपने बगलवाले बच्चे को Please कहकर छूते जाएँगे। गोल घेरे का चक्कर लगाते हुए जिन दो बच्चों पर meting point बनेगा वहाँ के दोनों के बच्चे एक-दूसरे को Good morning-thank you कहकर अपना स्थान छोड़ देंगे। और पुनः दूसरे बच्चे से game को प्रारंभ करना है। शिक्षक/शिक्षिका इसमें सभी बच्चे की सहभागिता सुनिश्चित करें।